निदेशालय तकनीकी शिक्षा
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
हिमाचल प्रदेश सुन्दरनगर

ADMISSION NOTICE

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हिमाचल प्रदेश के अन्तर्गत राजकीय एवं निजी डिप्लोमा फार्मेसी संस्थानों में चल रहे **02** वर्षीय डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम में वर्ष **2024-25** के लिए प्रवेश हेतू ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आयोजित कर रहा है। जिसके लिए आवेदकों द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की तिथि **15/06/2024** से **06/07/2024** निर्धारित की गई है तथा इसके बाद इन आवेदकों द्वारा संस्थानों का चयन/विकल्प दिनांक **09/07/2024** से **16/07/2024** तक ऑनलाइन भरा जाना अनिवार्य है। प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि, प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का अवलोकन/अध्ययन ठीक से करें जोकि विवरण पुस्तिका के अध्याय चार में उपलब्ध है। प्रवेश हेतु कांऊसलिगं शैडयूल एवं विवरण पुस्तिका **(Prospectus)** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की बेबसाईट **www.hptechboard.com** पर उपलब्ध है। इसलिए सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले प्रॉस्पेक्टस के साथ-साथ प्रवेश/ कांऊसलिगं शैडयूल **2024-25** को ध्यान से पढ़ें। इसके अलावा, राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में भी सुविधा केंद्र स्थापित किए गए है और ये संस्थान ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों का मार्गदर्शन और सहायता करते हैं।

इसके अलावा, प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में सभी प्रश्नों के समाधान के लिए आम जनता/आवेदकों की सुविधा के लिए एक टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर **1800-180-8025** स्थापित किया गया है। टोल फ्री नंबर सभी कार्य दिवसों में सुबह **10:00** बजे से शाम **5:00** बजे तक चालू रहेगा।

निदेशक
तकनीकी शिक्षा
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
हिमाचल प्रदेश